डाक / ईमेल / अपलोड

राजस्थान सरकार
खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग

क्रमांकःएफ 13(10)खा.वि./आवंटन/2021 जयपुर, दिनांक : 28-11-2022

## गेहूं आवंटन आदेश माह दिसम्बर, 2022
## (प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत)
## (खाद्य सुरक्षा योजना के अतिरिक्त)

अवर सचिव, भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग, नई दिल्ली द्वारा जारी आवंटन आदेश क्रमांक 7–1/2019–बी.पी.–III(पार्ट) (ई–371225), दिनांक 29.09.2022 के क्रम में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत अन्त्योदय, बीपीएल तथा स्टेट बीपीएल तथा PHH अन्य श्रेणी (खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत चयनित) राशनकार्डधारियों को **05 किलोग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिमाह निःशुल्क** वितरित किये जाने बाबत पात्रतानुसार **माह दिसम्बर, 2022** गेहूं का जिलेवार उप–आवंटन संलग्न **परिशिष्ट–1** के अनुसार किया जाता है। उचित मूल्य दुकानवार उप–आवंटन खाद्य विभाग के पोर्टल पर प्रदर्शित है। उक्त आवंटन के उचित मूल्य दुकानवार उठाव के दौरान निम्न कार्यवाही सुनिश्चित करें :–

1– प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत, खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित पात्र लाभार्थियों/परिवारों को खाद्यान्न(गेहूं) उपलब्ध कराना अनिवार्य है। **माह दिसम्बर, 2022** के पेटे गेहूं का मासिक आवंटन श्रेणियों में प्रत्येक जिले में उचित मूल्य दुकानवार अन्त्योदय, बीपीएल एवं स्टेट बीपीएल तथा PHH अन्य श्रेणी को निःशुल्क पात्रतानुसार सप्लाई चैन मैनेजमेन्ट व्यवस्था (SCM) के माध्यम से गेहूं आवंटन किया गया है।

2– खाद्य विभाग द्वारा जिले की उचित मूल्य की दुकानों पर पंजीकृत "अन्त्योदय, बीपीएल एवं स्टेट बीपीएल व PHH अन्य श्रेणी" के पात्र परिवारों/लाभार्थियों की संख्या के आधार पर **माह दिसम्बर, 2022** का आवंटन, ऑफलाईन वितरण वाली दुकानों को सम्मिलित करते हुए, एतद्द्वारा जिलेवार उचित मूल्य दुकानवार किया जाता है।

3– खाद्य विभाग (मुख्यालय) से जारी जिलेवार एवं प्रत्येक उचित मूल्य दुकानवार गेहूं के आवंटन आदेश के अनुरूप श्रेणीवार गेहूं के उठाव का रिलीज आर्डर (RO) जिला रसद अधिकारी द्वारा जारी किया जाएगा। आवंटित गेहूं के जिला स्तर पर समय पर उठाव एवं आपूर्ति की संयुक्त जिम्मेदारी जिला रसद अधिकारी एवं प्रबंधक,नागरिक आपूर्ति की होगी।

4– खाद्य विभाग के पोर्टल पर भी गेहूं के आवंटन, उठाव एवं वितरण हेतु श्रेणीवार प्रविष्टियां संधारित की जाएगी।

5– उचित मूल्य दुकान को आवंटित खाद्यान्न(गेहूं) मात्रा राशन डीलर की पोस मशीन पर प्रदर्शित होगी जिसे राशन डीलर द्वारा रिसीव करने पर आवंटित खाद्यान्न (गेहूं) मात्रा "सेन्ड टू पोस" हो जायेगी। ***जिला रसद अधिकारी/प्रबंधक, नागरिक आपूर्ति संयुक्त रूप से आवंटित गेहूं की सम्पूर्ण मात्रा को पॉस मशीन में रिसीव कराया जाना सुनिश्चित करेगें।***

6– जिलेवार खाद्यान्न(गेहूं) का आवंटन जिले की कुल ऑफलाईन दुकानों की संख्या को सम्मिलित करते हुए किया गया है। इस हेतु कोई भी अतिरिक्त आवंटन देय नहीं होगा।

7– योजनान्तर्गत थोक विक्रेता (KVSS/MCS) एवं उचित मूल्य दुकान स्तर पर श्रेणीवार वितरित गेहूं के माहवार स्टॉक रजिस्टर के संधारण की व्यवस्था समुचित मार्गदर्शन देकर प्रारम्भ करवाये जाने हेतु पूर्व में दिये गये निर्देशों की पालना की जाए तथा संधारित रजिस्टर के सैम्पल जांच नियमित रूप से जिला रसद अधिकारी एवं प्रवर्तन स्टॉफ द्वारा किया जाए, ताकि अन्त्योदय, बीपीएल एवं स्टेट बीपीएल के लाभार्थियों को निर्धारित पात्रतानुसार गेहूं प्राप्त होने की पुष्टि हो सकें।

8– नवीन व्यवस्था अन्तर्गत श्रेणीवार वितरित गेहूं का माहवार स्टॉक रजिस्टर (Stock Register) उचित मूल्य दुकानदार द्वारा संधारित किया जाएगा, जिसमें प्रतिदिन पोस पर परिलक्षित अनुसार ऑपनिंग एवं क्लोजिंग बैलेन्स स्पष्ट अंकित किया जाएगा। प्रतिदिन वितरण एवं अवशेष स्टॉक की मात्रा श्रेणीवार (अन्त्योदय, बीपीएल, स्टेट बीपीएल एवं PHH अन्य) संधारित की जाएगी। स्टॉक रजिस्टर में श्रेणीवार प्रविष्ट मात्रा का मिलान पोस पर परिलक्षित मात्रा से होना आवश्यक है।

9– गेहूं वितरण की ग्राहक पर्ची (Beneficiary Reecipt) पोस मशीन से आवश्यक तौर पर जारी की जाएगी तथा प्रत्येक लाभार्थी को उपलब्ध करवाई जाएगी।

उपायुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव

10— सप्लाई चैन मैनेजमेन्ट व्यवस्था अन्तर्गत उचित मूल्य दुकानवार राशनकार्डो की संख्या के आधार पर गेहूं का आवंटन किया जा रहा है। अतः आवंटन के अनुरूप उठाव सुनिश्चित किया जाना जिला रसद अधिकारी की जिम्मेदारी होगी। विशिष्ट परिस्थितियों में गेहूं के आंशिक समर्पण की आवश्यकता होने पर जिला रसद अधिकारी अपने स्तर से उचित मूल्य दुकानवार आवंटित मात्रा में कमी करते हुए उप आवंटन जारी करें।

**11— ऑफलाईन वितरित किये गये गेहूं की आगामी माह की 15 तारीख तक पॉस मशीन में एन्ट्री कराया जाना सुनिश्चित करें। विसंगति की स्थिति में संबंधित जिला रसद अधिकारी उत्तरदायी होगें।**

***12— "वन नेशन वन राशनकार्ड" के तहत अन्य राज्यों के लाभार्थियों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से उचित मूल्य दुकानवार आवश्यक मात्रा का 02 प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन किया गया है।***

शेष अन्य सभी नियम एवं शर्ते पूर्वानुसार यथावत लागू रहेगी।

***नोटः— माह दिसम्बर, 2022 हेतु आवटित गेहूं का वितरण माह जनवरी, 2023 में किया जावेगा ।***

संलग्नः—उपरोक्तानुसार।

28·11·22

( रामस्वरूप )
**उपायुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव**

क्रमांकःएफ 13(10)खा.वि. / आवंटन / 2021 — जयपुर, दिनांक : 28-11-2022

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

1. विशिष्ठ सहायक, माननीय खाद्य मंत्री, खाद्य विभाग राजस्थान जयपुर।
2. श्री अरूण कुमार सेगल, अवर सचिव, भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग, नई दिल्ली द्वारा जारी आवंटन आदेश क्रमांक 7—1 / 2019—बी.पी. —III(पार्ट) (ई—371225), दिनांक 29.09.2022 के कम में प्रेषित है।
3. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव (खाद्य), राजस्थान, जयपुर।
4. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग, राजस्थान, जयपुर।
5. निजी सचिव, अतिरिक्त खाद्य आयुक्त, राजस्थान, जयपुर।
6. निजी सहायक, वित्तीय सलाहकार(खाद्य) / उपायुक्त(प्रथम / द्वितीय), खाद्य विभाग,राज.जयपुर।
7. समस्त जिला कलक्टर्स, राजस्थान।
8. प्रबंध निदेशक, राजस्थान राज्य खाद्य आपूर्ति निगम लि., जयपुर।
9. महाप्रबंधक(क्षेत्र), क्षेत्रीय कार्यालय, भारतीय खाद्य निगम, नेहरू पेलेस, टोंक रोड, जयपुर को प्रेषित कर अनुरोध है कि **प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजनान्तर्गत आवंटित खाद्यान्न (गेहूं) के रिलीज आर्डर स्थानीय एफ.सी.आई. गोदामों से जारी करवाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करावें।**
10. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी., खाद्य विभाग, राज.जयपुर।
11. समस्त जिला रसद अधिकारी, राजस्थान / प्रबंधक, खाद्य आपूर्ति निगम, राजस्थान को प्रेषित कर लेख है कि, **नियमित रूप से माह के प्रत्येक दिन पर्याप्त संख्या में ट्रकों की उपलब्धता करवाते हुए, उक्त योजना में समानुपातिक रूप से भारतीय खाद्य निगम के कार्य दिवसों में निर्धारित वैधता अवधि के दौरान आवंटित गेहूं का शत—प्रतिशत उठाव कराया जाकर एवं वितरण सुनिश्चित करावें।**
12. ए.सी.पी.(खाद्य) को प्रेषित कर लेख है कि जनआधार प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूची में अंकित कार्मिकों को ई—पोस से वितरण पर रोक लगाये जाने के लिए सूचना, प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करें तथा ऑफलाईन उचित मूल्य दुकानों द्वारा किये गये वितरण का पार्टल पर इन्द्राज कराने हेतु आगामी माह की 15 तारीख तक ऑप्सन खुलवाने की कार्यवाही करें।
13. प्रोग्रामर, खाद्य विभाग को सभी संबंधित को ईमेल एवं विभागीय वेवसाईट पर अपलोड करने हेतु।

**उपायुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव**

(रामस्वरूप)
उपायुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव

परिशिष्ट-1

## PMGKAY Wheat Allotment December-2022

| Sr. No. | District | Category wise Net allotment | | | | Final Allotment (M.T.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 Rs per K.G | | | 2 Rs per K.G | |
| | | Net NFSA AAY Allotment (M.T.) | Net NFSA BPL Allotment (M.T.) | Net NFSA SBPL Allotment (M.T.) | Net NFSA APL Allotment (M.T.) | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7=3+4+5+6 |
| 1 | Ajmer | 327.630 | 1011.622 | 419.136 | 6164.948 | 7923.336 |
| 2 | Alwar | 396.228 | 1518.216 | 533.156 | 9898.450 | 12346.050 |
| 3 | Banswara | 842.590 | 2564.327 | 767.401 | 3041.308 | 7215.626 |
| 4 | Baran | 844.370 | 911.264 | 203.794 | 2799.817 | 4759.245 |
| 5 | Barmer | 435.041 | 2697.388 | 418.870 | 5825.185 | 9376.484 |
| 6 | Bharatpur | 317.295 | 1493.153 | 354.228 | 5817.688 | 7982.364 |
| 7 | Bhilwara | 417.951 | 1727.599 | 573.241 | 4697.235 | 7416.026 |
| 8 | Bikaner | 230.786 | 2178.932 | 481.551 | 3492.085 | 6383.354 |
| 9 | Bundi | 215.226 | 741.665 | 217.603 | 2638.865 | 3813.359 |
| 10 | Chittaurgarh | 487.119 | 1019.987 | 655.831 | 2452.151 | 4615.088 |
| 11 | Churu | 465.049 | 2000.693 | 419.487 | 3764.326 | 6649.555 |
| 12 | Dausa | 204.107 | 1177.978 | 173.863 | 4141.438 | 5697.386 |
| 13 | Dhaulpur | 172.286 | 708.137 | 150.409 | 2948.527 | 3979.359 |
| 14 | Dungarpur | 614.742 | 2731.827 | 372.379 | 2334.983 | 6053.931 |
| 15 | Ganganagar | 179.026 | 1414.868 | 160.976 | 3860.441 | 5615.311 |
| 16 | Hanumangarh | 247.594 | 1098.394 | 193.026 | 3472.958 | 5011.972 |
| 17 | Jaipur | 246.289 | 1714.519 | 549.046 | 12686.732 | 15196.586 |
| 18 | Jaisalmer | 118.814 | 520.266 | 129.338 | 1311.671 | 2080.089 |
| 19 | Jalor | 472.495 | 1658.048 | 355.876 | 3525.334 | 6011.753 |
| 20 | Jhalawar | 300.974 | 1235.673 | 310.376 | 3584.935 | 5431.958 |
| 21 | Jhunjhunun | 188.126 | 577.583 | 221.720 | 5475.437 | 6462.866 |
| 22 | Jodhpur | 174.495 | 1954.500 | 222.664 | 8467.861 | 10819.520 |
| 23 | Karauli | 333.752 | 1573.090 | 288.141 | 2433.756 | 4628.739 |
| 24 | Kota | 162.583 | 1159.011 | 180.838 | 3173.376 | 4675.808 |
| 25 | Nagaur | 328.335 | 1479.911 | 400.064 | 9469.526 | 11677.836 |
| 26 | Pali | 378.826 | 1475.360 | 388.584 | 4419.760 | 6662.530 |
| 27 | Pratapgarh | 220.702 | 1114.311 | 270.524 | 1653.770 | 3259.307 |
| 28 | Rajsamand | 369.891 | 1095.694 | 297.056 | 2663.631 | 4426.272 |
| 29 | Sawai Madhopur | 290.085 | 921.206 | 326.544 | 2738.103 | 4275.938 |
| 30 | Sikar | 167.137 | 862.896 | 190.811 | 7510.603 | 8731.447 |
| 31 | Sirohi | 203.471 | 677.959 | 215.603 | 2781.709 | 3878.742 |
| 32 | Tonk | 317.672 | 934.246 | 388.474 | 3384.969 | 5025.361 |
| 33 | Udaipur | 1030.314 | 4281.317 | 907.754 | 5454.208 | 11673.593 |
| | **Total** | **11701.001** | **48231.640** | **11738.364** | **148085.786** | **219756.791** |

(रामस्वरूप)
उपायुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव